हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 11 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 28.5 डिग्री

11 मनोज को निरीक्षक व अजय को उप निरीक्षक पद पर मिली पदौन्नति



12 फिर से बढ़कर 44 पर पहुंचा पारा, उमस भरी गर्मी कर रही परेशान



YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS
Affiliated to CBSE

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन


India's No. 1 SCHOOL Since-1995

## यदुवंशियन रच रहे हर वर्ष नया इतिहास ....

## यदुवंशी की NEET/JEE Advanced में फिर वही रिकॉर्डतोड़ सफलता

Heartiest Congratulations...

Incredible
## RESULT NEET (UG) 2024



715/720

Phenomenal Performer
**OJAL RAO**
D/o Sh. Vijender Rao

| Score | Name | Parent |
|---|---|---|
| 705/720 | NIKITA YADAV | D/o Sh. Vikram Singh |
| 701/720 | HARSHITA | D/o Sh. Mr. Gopal |
| 700/720 | DEEPAK SHEKHAWAT | S/o Sh. Pawan Kumar |
| 696/720 | KHUSHI YADAV | D/o Sh. Surender Yadav |
| 695/720 | SHEENU | D/o Sh. Yogeshwar |
| 695/720 | SHRIYA | D/o Sh. Sandeep Kumar |
| 691/720 | NEHA | D/o Sh. Jitender |
| 685/720 | MAMTA | D/o Sh. Rajbir |
| 682/720 | MUSKAN | D/o Sh. Ramesh Kumar |
| 681/720 | RIYA SHARMA | D/o Sh. Jitender Kumar |
| 680/720 | KALPANA | D/o Sh. Narender Singh |
| 676/720 | MUSKAN | D/o Sh. Pawan Kumar |
| 676/720 | ANITA | D/o Sh. Jagdish |
| 672/720 | RITIKA | D/o Sh. Ranbir Singh |
| 671/720 | MANISHA | D/o Sh. Ranveer Singh |
| 671/720 | KARISHMA | D/o Sh. Vikas |
| 670/720 | MANISH KUMAR | S/o Sh. Ramesh Kumar |
| 666/720 | CHETNA | D/o Sh. Vikram Singh |
| 666/720 | DEEPIKA JANGIR | D/o Sh. Mahesh Kumar |
| 666/720 | ISHIKA | D/o Sh. Sunil Kumar |
| 665/720 | ASHA KUMARI | D/o Sh. Ramesh Kumar |
| 665/720 | ARCHI YADAV | D/o Sh. Ashok Yadav |
| 661/720 | NIHARIKA | D/o Sh. Jaldeep Yadav |
| 661/720 | TANISHA SHARMA | D/o Sh. Gulab Singh |
| 658/720 | SONAL | D/o Sh. Mukesh |
| 653/720 | YOGITA | D/o Sh. Man Phool |
| 651/720 | HARSHITA BANSAL | D/o Sh. Lalit Kumar |

**Total Qualifiers 73 Students**

Outstanding Results
## JEE Advanced 2024



AIR-1 Cat.

**NITIN AGGARWAL**
S/o Sh. Manoj Kumar



AIR-223
**HARSH**
S/o Sh. Mahender Singh



AIR-468
**HIMANSHU**
S/o Sh. Pravin

| Rank | Name | Parent |
|---|---|---|
| AIR-1093 Cat. | VISHESH | S/o Sh. Satish Kumar |
| AIR-1128 Cat. | KUNAL | S/o Sh. Satish Ranga |
| AIR-1777 Cat. | SUPRIYA | D/o Sh. Dhanush Kumar |
| AIR-2186 Cat. | NITIN | S/o Sh. Chhote Lal |
| AIR-2294 Cat. | AKSHAY KUMAR | S/o Sh. Vijay Pal |
| AIR-2670 Cat. | ABHINAV | S/o Sh. Jagbir Singh |
| AIR-2934 Cat. | ANSHIKA | D/o Sh. Vijay Kumar |
| AIR-3500 Cat. | JAYANT | S/o Sh. Rajender Singh |
| AIR-3707 Cat | TUSHANT RAO | S/o Sh. Pawan Kumar |
| AIR-3754 | RUPESH | S/o Sh. Sanjay Kumar |
| AIR-4036 Cat | VISHESH YADAV | S/o Sh. Rakesh Kumar |
| AIR-4384 Cat | NISHANT | S/o Sh. Karan Singh |
| AIR-4458 Cat. | NITESH KUMAR | S/o Sh. Manoj Kumar |
| AIR-5757 Cat | DEEPANJALI | D/o Sh. Sube Singh |
| AIR-6263 Cat | PRATEEK | S/o Sh. Rajesh Yadav |
| AIR-6685 | MUKUL CHAUHAN | S/o Sh. Pushpender |
| AIR-8876 Cat. | SUDHANSHU | S/o Sh. Sunil Kumar |
| AIR-8896 Cat. | UMESH KUMAR | S/o Sh. Parvesh Kumar |
| AIR-9079 | ANSHUL | S/o Sh. Raj Kumar |
| AIR-9099 Cat. | MANSHI | D/o Sh. Sandeep Kumar |

**Total Qualifiers 43 Students**

- ट्यूशन फीस में छूट के लिए स्कूल में संपर्क करें,
- कक्षा 9th to 12th में प्रवेश के लिए 90% या अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को 100% तक की छूट (Need Based)। हॉस्टल में रहकर NEET/IIT की तैयारी करने वाले सभी विद्यार्थियों (Regular/Passout) को मिलेगा CHAIRMAN's SCHOLARSHIP का सीधा लाभ (All Free)।

**RESULTS**
Grand Celebration on SUNDAY, 14 JULY, 2024 at Mahendergarh Campus.



**राव बहादुर सिंह**
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

OUR CAMPUSES: Mahendergarh: 9466341799 I Narnaul: 9468061387 I Thanwas: 9050784050 I Dhani Mahu: 9050007943 I Jind: 9053905361 I Gurugram Sec.92 : 9053905384 Gurugram Sec.33: 9053905381 I Rewari: 8901167461 I Satnali: 9812330666 I Sohali (Rajasthan): 9991217659 I Kosli : 9053002458 I Hansi : 9053905366 I Kanina: 9050348100 I Mandola: 7027134134

www.yaduvanshigroup.edu.in

## खबर संक्षेप

### रेल लाइन सहित मुद्दों को लेकर बैठक आज

**भिवानी।** शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर संत कबीरदेव शिक्षा जागृति मंच के बैनर तले बावड़ी गेट शिव धानक धर्मशाला में 11 जून को सांय 5 बजे शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि के अलावा पार्षदों व अन्य गणमान्य लोगों की संयुक्त बैठक होगी। यह जानकारी मंच के जिला प्रधान भगवानदास कालिया ने दी।

### आईटीआई भिवानी में रोजगार मेला 21 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में 21 जून को प्रातः 09 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि इस मेले में सभी व्यवसायों के आईटीआई पास शुदा छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

### सामान्य अस्पताल में रक्तदान शिविर 13 को

**भिवानी।** रक्त की कमी को खत्म करने के लिए 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर 13 जून को चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन वंशिका फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा।

### घर से हुक्का व सिलेंडर उठा ले गया नशेड़ी

**बवानीखेड़ा।** गांव जमालपुर में एक व्यक्ति के घर से एक नशेड़ी हुक्का व दो गैंस सिलेंडर चोरी करके ले गया। जमालपुर निवासी अमित ने बताया कि वह रविवार को परिवार सहित 11:30 बजे सोया था और करीबन 12 बजे के बाद उसके घर से हुक्का व दो गैंस सिलेंडर चोरी हो गए। उसे पता चला कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। ज्ञानी के घर जाकर देखा तो वह नशे की हालत में था और उसके हुक्का उसके घर टूटी हुई हालत में मिला लेकिन सिलेंडर नहीं मिले।

### लेफ्टिनेंट अमित को किया सम्मानित

**लोहारू।** गिगनाऊ निवासी समाजसेवी सूबेदार मांगेराम के पौत्र अमित भारद्वाज ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सेना में लेफ्टिनेंट पद को सुशोभित करने का गौरव हासिल किया है। लेफ्टिनेंट बनने पर श्रीब्राह्मण महासभा लोहारू ने कार्यक्रम का आयोजन कर अमित भारद्वाज को सम्मानित किया और परिवार के लोगों को शुभकामनाएं दी।

### अमर शहीद भगतसिंह की प्रतिमा करवाई स्थापित

**चरखी दादरी।** गांव चंदेनी व आसपास के युवाओं को देशप्रेम के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से रामेश्वर उर्फ पटेल ने राजकीय स्कूल के निकट मैदान में अमर वीर शहीद भगतसिंह की प्रतिमा स्थापित करवाई। प्रतिमा के अनावरण पर आयोजित कार्यक्रम में महान क्रांतिकारी को फूल मालाएं अर्पित कर सभी को उनके दिखाए राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि सांगवान खाप के प्रधान एवं दादरी विधायक सोमबीर सांगवान ने अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।

### घायल की शिकायत पर केस दर्ज

**लोहारू।** पिछले दिनों लोहारू दादरी मुख्य सडक मार्ग पर गांव गागड़वास के पास सडक के बीच खड़ी एक गाड़ी के कारण हादसे का शिकार बने घायल मोटरसाइकिल चालक की शिकायत पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चांदवास निवासी दीपक शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर लोहारू जा रहा था। इस दौरान गागड़वास गांव के पास चारपहिया गाड़ी सड़क के बीचों बीच खड़ी थी तथा उनकी मोटरसाइकिल सीधे उससे जा टकराई।

---

पहले स्पेशल नंबरों से चलती थी ट्रेनें, अब नियमित तौर पर एक जुलाई से चलेंगी

# हरियाणा से गुजरने वाली 46 स्पेशल ट्रेनों के मिले स्थाई नंबर

गाड़ी संख्या 04489 रोहतक-हांसी स्पेशल ट्रेन अब नियमित गाड़ी संख्या 54011 से संचालित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा के रास्ते चलने वाली 46 स्पेशल ट्रेनों के नंबर बदले गए हैं। पहले यह रेलसेवाएं स्पेशल ट्रेन के रूप में चल रही थी, लेकिन अब इन्हें पहले की तरह नियमित गाड़ी संख्या के हिसाब से चलाया जाएगा। यह ट्रेन भिवानी, हिसार, जींद, सिरसा, रोहतक, रेवाड़ी और गुरुग्राम रेलमार्ग पर चलने वाली ट्रेनें हैं। उत्तर पश्चिमम रेलवे के सीपीआओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि एक जुलाई से 46 स्पेशल रेलसेवाओं का अब नियमित गाड़ी संख्या से संचालन किया जाएगा।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलवे जंक्शन से गुजरते हुए यात्री ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### रेवाड़ी-रोहतक ट्रेन को नियमित नंबर मिले

गाड़ी संख्या 04969 दिल्ली-भिवानी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54005 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04489 रोहतक-हांसी स्पेशल ट्रेन अब नियमित गाड़ी संख्या 54011 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04490 हांसी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54012 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04975 रोहतक-भिवानी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54013, रोहतक-भिवानी रेल सेवा से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04978 भिवानी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54014 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04977 रोहतक-भिवानी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54015 से संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 04962 भिवानी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54016 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04974 भिवानी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54018 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04979 रेवाड़ी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54019 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04980, रोहतक-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54020 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04083 जीन्द-हिसार स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54043 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04084 हिसार-जीन्द स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54044 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04433 दिल्ली-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54085 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04434 रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54086 से संचालित होगी।

### रेवाड़ी-मेरठ स्पेशल ट्रेन को मिले 54411 नंबर

गाड़ी संख्या 04435, रेवाड़ी-मेरठ कैंट स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54411 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04285, दिल्ली-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54413 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04990 रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04283 दिल्ली-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54417 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04286 रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54420 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04989 दिल्ली-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54421 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04089 नई दिल्ली-हिसार स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54423 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04090 हिसार-नई दिल्ली स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54424 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04499 दिल्ली-बांदीकुई स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74001 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04500 रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74002 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04470 दिल्ली-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74003 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04469 बांदीकुई-दिल्ली स्पेशल रेल सेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74004 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04487 रोहतक-हांसी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74013 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04488 हांसी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74014 से संचालित होगी।

### रेवाड़ी-हिसार स्पेशल रेलसेवा को भी नए नंबर

गाड़ी संख्या 04093 रेवाड़ी-जींद स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74015 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04094, जींद-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74016 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04097 रेवाड़ी-रोहतक स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74017 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04098 रोहतक-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74018 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04743 हिसार-लुधियाना स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54603 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04744 लुधियाना-चूरू स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54604 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04745 चूरू-लुधियाना स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54605 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04746 लुधियाना-हिसार स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54606 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04571 भिवानी-धुरी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54631 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04572 धुरी-सिरसा स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54632 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04573 सिरसा-लुधियाना स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54633 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04574 लुधियाना-भिवानी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54634 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04575 हिसार-लुधियाना स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54635 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04576 लुधियाना-हिसार स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54636 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04351 दिल्ली-हिसार स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54309 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04352 हिसार-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54310 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04367 रेवाड़ी-हिसार स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54315 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04368 हिसार-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54316 से संचालित होगी।

---

# यदुवंशी का नितिन पूरे भारत में रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



नितिन अग्रवाल

■ राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में यदुवंशी संस्था सदा दृढ़ संकल्पित : राव बहादुर सिंह

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 43 विद्यार्थियों ने एनटीए द्वारा घोषित आईआईटी जेईई एडवांस (अखिल भारतीय इंजीनियरिंग) प्रवेश परिणामों में अच्छे रैंक हासिल कर पूरे भारत में रिकॉर्ड तोड़ सफलता प्राप्त की। बता दें कि आईआईटी, जेईई मेन्स में सफलता प्राप्त विद्यार्थी ही जेईई एडवांस परीक्षा में बैठते हैं और रैंकों के आधार पर उनका टॉप आईआईटीज में चयन होता है। पूरे भारत में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए विद्यालय के छात्र नितिन अग्रवाल ने अपनी कैटेगरी में प्रथम रैंक हासिल कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। सफलता प्राप्त विद्यार्थियों में नितिन अग्रवाल पुत्र मनोज कुमार ने अपनी कैटेगरी में प्रथम रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, वहीं अपनी श्रेणी में हर्ष 223, हिमांशु 468, विशेष 1093, कुनाल 1128, सुप्रिया 1777, नितिन 2186, अक्षय कुमार 2294, अभिनव 2670, अंशिका 2934, जयंत 3500, तुशांत राव 3707, रूपेश 3754, विशेष 4036, निशांत 4384, नितेश कुमार 4458, दीपांजलि 5757, प्रतीक 6263, मुकुल चौहान 6685, सुधांशु 8876, उमेश कुमार 8896, अंशुल 9079, मानसी 9099 आदि के नाम विशेष रूप से शामिल रहे। परीक्षा परिणामों से विद्यार्थियों में एक अनूठा जोश देखा गया, वहीं पूरे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। यदुवंशी संस्था शैक्षणिक क्षेत्र में अग्रगण्य है, जहां विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखार कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। नितिन अग्रवाल ने हरिभूमि से बात करने पर उन्होनें इस सफलता का श्रेय विद्यालय के उचित मार्गदर्शन, अध्यापकों की मेहनत व अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि वे किसी टॉप रैंकिंग आईआईटी से इंजीनियरिंग कर देश सेवा करना चाहता है, वहीं हर्ष एवं हिमांशु ने बताया कि वह कम्प्यूटर साइंस लेकर तकनीकी क्षेत्र में कुछ नया करना चाहते हैं। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि प्रतिवर्ष विद्यार्थी नीट, आईआईटी/जेईई, सीए, क्लेट, एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षाओं में सफलता की एक ऐसी अमिट छाप छोड़ते हैं जिससे विद्यार्थियों को हर क्षेत्र ने इंटर्नशिप व प्लेसमेंट तुरंत मिलती है। आज विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, स्वाध्याय तथा अपने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन से एकबार फिर अपने विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रगण्य रखने का कार्य किया है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा कि सभी विद्यार्थियों का अच्छे आईआईटीज कॉलेजों में चयन होगा। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई दीतथा कहा कि विद्यार्थी इंजीनियर बनकर एक सुदृढ़ समाज की स्थापना करेंगे।

### स्कूल मर्ज होने के बाद छह माह से दो जेबीटी को नहीं मिला वेतन

**रेवाड़ी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला श्याम नगर में कार्यरत जेबीटी रामौतार व जेबीटी गीता देवी को पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है। दोनों जेबीटी शिक्षकों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा चंडीगढ़ को पत्र लिखकर वेतन दिलाने का आग्रह किया है। अध्यापकों की ओर से मौलिक शिक्ष विभाग, उपायुक्त व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को भी कापी प्रेषित की गई है। जेबीटी शिक्षकों ने बताया कि डीएसई पंचकूला के आदेशानुसार 13 अगस्त 2022 की अनुपालना में राजकीय उच्च विद्यालय श्यामनगर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लूला अहीरमें मर्ज किया गया था। स्कूल को मर्ज करने के बाद दिसंबर से जून तक दोनों प्राथमिक अध्यापकों को कोई वेतन नहीं मिला है।

## पीएम ने तीन सांसदों को मंत्री बनाकर हरियाणा को दिया तोहफाः लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी



■ प्रदेश के विकास को अब नए पंख लगेंगे

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी केंद्र सरकार में हरियाणा के तीन सांसद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल, राव इंद्रजीत सिंह तथा फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर को मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रदेश के तीन मंत्री बनाए जाने के बाद हरियाणा के विकास को नए पंख लगेंगे। राव इंद्रजीत सिंह को लगातार तीसरी बार केंद्र में मंत्री बनाने से अहीरवाल क्षेत्र में भारी उत्साह है। आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का हरियाणा के विकास पर विशेष फोकस है। यही कारण है कि उन्होंने अपनी तीसरी पारी में प्रदेश के तीन सांसदों को मंत्री बनाकर न केवल बड़ा तोहफा दिया है, अपितु विकास के मामले में प्रदेश को शिखर पर ले जाने की दिशा में बड़ा फैसला भी लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से एक बार फिर साफ हो गया है कि भाजपा ही हरियाणा की सबसे बड़ी हितैषी है तथा भाजपा ही प्रदेश का विकास चाहती है।

---



रेवाड़ी। गर्भवती महिलाओं के शुगर की जांच करते हुए एलटी राहुल।

### भीषण गर्मी में खानपान का विशेष ध्यान रखें गर्भवती महिलाएंः डॉ लांबा

**नाहड़।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर एलएमओ डॉ इंदू लांबा ने कहा कि भीषण गर्मी में गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। वह सुबह शाम ही घर से बाहर निकलें। दोपहर में घर से बाहर न निकलें। खानपान के प्रति लापरवाही न बरतें। फल, हरी सब्जी तथा सलाद का भरपूर प्रयोग करें। पानी खूब पिएं। सीएचसी प्रभारी डॉ मनीष के मार्गदर्शन में डॉ इंदु लांबा, डॉ विपिन तंवर, स्टाफ नर्स मनीषा, लक्ष्मी, एलटी राहुल व युधिष्ठिर की टीम ने विभिन्न गांवों से आई हुई 43 गर्भवती महिलाओं के ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, एचआईवी, एचबी, यूरिन, हाइट व वजन की जांच करके आवश्यक दवाइयां वितरित की।

## जेईई एडवांस में आरपीएस के चिराग ने 11वीं एवं अनूप ने 37वीं ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठता का परचम लहराया

■ कठोर परिश्रम, उचित मार्ग दर्शन और स्टीक योजना से सफलता संभव : डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देश की सबसे बड़ी आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के चिराग यादव ने अपनी कैटगरी में ऑल इंडिया की 11वीं रैंक वहीं अनूप यादव ने कैटगरी में 37वीं रैंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जेईई एडवांस परीक्षा में आरपीएस के 92 से अधिक विद्यार्थियों ने बेहतरीन रैंक के साथ क्वालीफाई किया है। बच्चों के कठोर परिश्रम, विद्यालय प्रबंधन के उचित मार्ग दर्शन और सटीक योजना से ही यह संभव हो पाया है। बच्चों की इस सफलता पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



महेंद्रगढ़। विजय चिहन बनाकर खुशी जाहिर करते हुए। फोटो : हरिभूमि

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए देश को असीम उंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। देश 21वीं सदी में विज्ञान व टेक्नॉलोजी के जरिए विश्व की एक महाशक्ति की ओर बढ़ रहा है। देश को विश्व महाशक्ति बनाने में यही सफल छात्र अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि अभिभावकों के विश्वास, शिक्षकों व बच्चों की मेहनत के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में हम सबसे आगे है। उन्होंने आईआईटी एडवांसड के परीक्षा परिणाम में चयनित छात्रों को बधाई देते हुए सभी प्राचार्य, उपप्राचार्य, डीन, कोचिग कॉडिनेट, सभी प्राध्यापकों को इसी तरह से मेहनत कर एक नई मिसाल स्थापित करने की प्रेरणा दी। हाल ही में घोषित आईआईटी जेईई एडवांसड के परीक्षा परिणाम में अपनी कैटगरी में चिराग यादव ने ऑल इण्डिया में 11वीं रैंक, अनूप यादव ने 37वीं, अमन यादव ने 237वीं, नील यादव ने 248 वीं, आदित्य ने 256वीं, हर्षित ने 408 वीं, आशिष ने 410, सक्षम सिंघल ने 426, निशांत ने 676, मुस्कान ने 679, सौरभ पाण्डे ने 723, अनिरूद्ध ने 785, अमन कुमार ने 919, तनिशा पूनिया ने 930, अमन ने 977, तनुज ने 982, करुणेश यादव ने 992, धवल ने 1018, हर्षदीप ने 1103, युक्ति गुप्ता 1164, जतिन यादव ने 1200, तनवी ने 1265, उदित्य ने 1269, कनन ने 1662, तनवी यादव ने 1995, दीपेश ने 1350, किरन पाल ने 1568, हर्ष ने 1668 आदि ने उच्च रैंक प्राप्तकर जेईई की परीक्षा को क्वालिफाई किया है।

### भू-माफिया व नप के खिलाफ प्रदर्शन एवं घेराव आज

**भिवानी।** महम रोड स्थित कॉलोनी में सार्वजनिक गली को भू-माफिया द्वारा कब्जा करने की कोशिश के विरोध में 11 जून को पंडित नेकीराम शर्मा लाइब्रेरी के पास सुबह 10 बजे भिवानी संघर्ष समिति द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। भिवानी संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुरेश सैनी ने बताया कि पंडित नेकीराम शर्मा लाइब्रेरी के पास लोग की भीड़ एकत्रित होगी और विरोध प्रदर्शन करते हुए रेलवे रोड स्थित नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन में शहर के बुद्धिजीवी व सामाजिक संगठनों, खापो के लोग भी उपस्थित होंगे। भू माफिया से मिलीभगत करके नप के कर्मचारियों व अधिकारियों ने कॉलोनी की गली की फर्जी पीआईडी बनाई और सार्वजनिक गली को बेचने की कोशिश की, जिसको रद करवाने को लेकर प्रदर्शनकारी नप का घेराव करेंगे।

---

## प्रदेश के तीन सांसदों को मंत्रीमंडल में शामिल करने पर जताई खुशी



**कोसली।** लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी सरकार बनने व हरियाणा से जीते बीजेपी के पांच सांसदों में से तीन को मंत्रीमंडल में शामिल करने पर गांव नाहड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी प्रकट की। भाजपा के स्वच्छता अभियान के जिला सह संयोजक प्रेम प्रकाश नाहड़ ने कहा कि देश के मतदाताओं ने मोदी की गारंटी, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर भरोसा जताने हुए भाजपा गठबंधन की सरकार को 293 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत प्रदान कर देश में 1962 के बाद लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री मोदी ने करनाल से सांसद मनोहर लाल, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह व फरीदाबाद से कृष्ण पाल गुर्जर को मंत्रीमंडल में शामिल कर हरियाणा वासियों को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर रामनिवास, सुशील पंच, इन्द्रजीत पंच, अमित पंच,ज्योति जांगड़ा, नवीन कुमार, अशोक कुमार, रिंकू, कुलदीप, उमेद सिंह,अनिल कुमार, सुरेश उर्फ फौजी, रामपाल सिंह, धीरज, पिंकी यादव, गौरव, मुन्नीलाल, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, जयभगवान यादव, प्रिंस, प्रतीक, सोनू, विनोद कुमार व देवेन्द्र उपस्थित थे।

बैठक | कर्मचारियों की अनेक मांगों पर किया गया मंथन

# जीएम रोडवेज ने साझा मोर्चा की मांगों को दस दिन में पूरा करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

सोमवार को रोडवेज डिपो में महाप्रबंधक देवदत्त ने रोडवेज साझा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में यातायात प्रबन्धक, लेखा अधिकारी, हैड क्लर्क, पे-सेक्शन इंचार्ज व बिल्डिंग क्लर्क के साथ साझा मोर्चा के राज्य सचिव यशपाल यादव, राज्य सचिव नरेश मांदी, डिपो चेयरमैन निरंजन यादव, डिपो प्रधान प्रवीन बालधन, जितेन्द्र पावटी, दिनेश शाहपुर, राज्य सचिव चिराग यादव व सुरेश कुमार मौजूद थे। इस मौके पर चालकों व परिचालकों के ओवर टाइम के बकाया, राशिभत्ता, एलटीसी, मेडिकल बिल, पेंडिंग एसीपी, वर्दी भत्ता, बस स्टैण्ड पर सफाई व्यवस्था, किलोमीटर स्कीम की बसों की चैकिंग, कार्यशाला में सीसीटीवी कैमरे, नारनौल-पटौदी-महेन्द्रगढ़ मार्ग पर बसों का संचालन बढ़ाने, बस स्टैंड के सीसीटीवी कैमरे ठीक करने, आठ घंटे ड्यूटी, किलोमीटर स्कीम की बसों के ब्रेक डाउन होने पर चालक को वही 3 घंटे रहने सहित कर्मचारियों की अनेक मांगों पर मंथन किया गया। जीएम रोडवेज देवदत्त ने कहा कि इस समय काफी कर्मचारी हैप्पी कार्ड बनाने में लगे हैं। बस स्टैंड पर कार्ड बनवाने वालों की काफी भीड़ थी। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधक व लेखा आधिकारी की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग की जाएगी और साझा मोर्चा की सभी मांगों का 10 दिन में समाधान कर दिया जाएगा।



रेवाड़ी। साझा मोर्चा के साथ बैठक करते जीएम रोडवेज। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### दुकान से नकदी चोरी करने वाला आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने दुकानदार के थैले से 50 हजार रुपये चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मौहल्ला कायस्थवाडा निवासी वेदप्रकाश उर्फ वेदू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नकदी को बरामद कर लिया है। पुरानी अनाज मंडी निवासी सुंदर लाल ने मौहल्ला बल्लूवाड़ा में कपड़ों की दुकान कर रखी है। 8 जून को जब वह अपनी दुकान पर गया तो उसने अपने नकदी के थैले को दुकान के गल्ले के पास रख दिया था। वह दुकान की लाइट जलाने के लिए अंदर गया पीछे से उसकी दुकान पर काम करने वाला वेदप्रकाश थैले से 50 हजार रुपये चोरी करके ले गया।

### भगवान गणेश को समर्पित विनायक चतुर्थी का पर्व आज

**रेवाड़ी।** गणेश चतुर्थी विघ्नहर्ता भगवान गणेश को समर्पित है। श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान गणेश की जहां विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं उनसे मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना भी करते हैं। पंचाग के अनुसार हर माह शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में दो चतुर्थी आती हैं। हर महीने आने वाली कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है, जबकि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी कहा जाता है। 11 जून मंगलवार को वैशाख माह की शुक्ल पक्ष विनायक चतुर्थी के पर्व पर श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना करेंगे। सभी देवताओं में गणेश जी का स्थान सर्वोपरि है।

### रेल लाइन सहित मुद्दों को लेकर बैठक आज

**भिवानी।** शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर संत कबीरदेव शिक्षा जागृति मंच के बैनर तले बावड़ी गेट शिव धानक धर्मशाला में 11 जून को सांय 5 बजे शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि के अलावा पार्षदों व अन्य गणमान्य लोगों की संयुक्त बैठक होगी।

### आईटीआई भिवानी में रोजगार मेला 21 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में 21 जून को प्रातः 09 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि इस मेले में सभी व्यवसायों के आईटीआई पास शुदा छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

### सामान्य अस्पताल में रक्तदान शिविर 13 को

**भिवानी।** रक्त की कमी को खत्म करने के लिए 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर 13 जून को चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा।

### घर से हुक्का व सिलेंडर उठा ले गया नशेड़ी

**बवानीखेड़ा।** गांव जमालपुर में एक व्यक्ति के घर से एक नशेड़ी हुक्का व दो गैंस सिलेंडर चोरी करके ले गया।

## हरियाणा सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही

# 65 लाभार्थियों को मिले आवंटित प्लॉटों के स्वामित्व प्रमाण पत्र

महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत कलस्टर स्तरीय कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री डा. बनवारी लाल ने दिए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरित करते डा. बनवारी लाल। *फोटो : हरिभूमि*

महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत जिन ग्रामीणों के 100-100 गज के प्लाटों की रजिस्ट्री हो चुकी है और उन्हें आवंटित प्लाट के कब्जे के लिए सोमवार को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सोमवार को झज्जर स्थित नेहरू पीजी कॉलेज में क्लस्टर स्तरीय कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा.बनवारी लाल ने रेवाड़ी व झज्जर जिले के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए।

**विकासात्मक कदम बढ़ा रहा प्रदेश**

इस अवसर पर डा.बनवारी लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक को सरकार महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ते हुए लाभांवित कर रही है। उन्होंने बताया कि जिनके प्लाटों की रजिस्ट्री हो चुकी है, किंतु उन्हें अभी तक आवंटित प्लॉट के कब्जा प्रमाण पत्र नहीं मिले थे, ऐसे रेवाड़ी जिले के 65 लाभार्थियों व झज्जर जिले के शेष बचे लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते हुए मालिकाना हक प्रदान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में विकासात्मक कदम बढ़ा रहा हैं और हाल ही में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के माध्यम से एक लाख रूपए की वार्षिक आय वाले परिवारों के सदस्यों को हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में एक साल के लिए 1000 किलोमीटर तय करने की सौगात दी है वहीं अब महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत आवंटित प्लॉट के कब्जा प्रमाण पत्र दिए गए है। कार्यक्रम में सभी ने सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में विडियों कांफ्रेंसिंग से जुड़ते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह के संबोधन को भी सुना। समारोह में अपने आवंटित प्लाट के कब्जा प्रमाण पत्र लेने उपरांत लाभार्थियों ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने इस प्रकार उनकी जमीन पर कब्जा दिलाते हुए उन्हें लाभ पहुंचाकर उनका सम्मान किया है। कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि पिछले दस वर्षों से देश और प्रदेश की सरकार जन आशीर्वाद से विकास कार्यों को निरन्तर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया में देश की ताकत बढ़ी है तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की अंत्योदय की सोच के परिणामस्वरूप आज गरीब से गरीब लोगों को घर बैठे सरकार की योजनाओं का त्वरित लाभ मिल रहा है। सभी योजनाओं और सेवाओं को पोर्टल पर ऑनलाइन किया गया है, जिसके चलते आमजन को घर बैठे वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# राजपूत प्रतिनिधि सभा ने की उत्तराखंड प्रवासी समाज की समस्याओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। राजपूत प्रतिनिधि सभा की बैठक में उपस्थित सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत व सभा के प्रवासी प्रकोष्ठ संयोजक कुंवर संजय सिंह बिष्ट ने धारूहेड़ा उत्तराखंड प्रवासी समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रवासी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह नेगी की अगुवाई में बैठक का आयोजन किया गया। राजपूत सभा ने प्रवासी समाज के लोगों की आवास, रोजगार, पहचान पत्र, शिक्षा व स्वास्थ्य की मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। धारूहेड़ा राजपूत महासभा के अध्यक्ष सूबेदार चरण सिंह छोकर के आवास पर श्याम सुंदर छोकर सहित सभी पदाधिकारियों ने जल्द ही प्रवासी एवं स्थानीय समाज का मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय भी लिया। राजपूत प्रतिनिधि सभा की ओर से नगरपालिका प्रधान कंवर सिंह यादव की पत्नी के निधन पर शोक भी व्यक्त किया गया। इस मौके पर ठाकुर विनीत सिंह तंवर सेवानिवृत्त जिला न्यायवादी, बाबू दान सिंह तंवर सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता, गजराज सिंह चौहान सेवानिवृत्त वरिष्ठ बैंक मैनेजर, धर्मबीर सिंह चौहान व सतीश मौजूद थे।

# जेईई एडवांस में आरकेसी ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की


मुकुल देव।


वासुदेव।


पारूल।

राव खेमचंद विद्या विहार बोहतवास अहीर के 5 विद्यार्थियों ने आईआईटी एडवांस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्र मुकुल देव ने एआईआर-2190, पारुल गांव पाली ने एआईआर-2895, वासुदेव ने एआईआर-4017, प्रियांशी कुमारी गांव बुड़ोली ने एआईआर-6657 व पुलकित गांव नांगल मूंदी ने एआईआर-8518 प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ अपने क्षेत्र एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य प्रदीप यादव ने कहा कि यह परिणाम छात्र-छात्राओं की अथक मेहनत और कोचिंग हेड दिनेश कुमार, आकाश, सोनू यादव, गगन कुमार, नरेंद्र, विनय और विकास की मेहनत का परिणाम हैं।

संस्था के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, काउंसलर डा. ओपी यादव, प्रशासनिक हेड प्रतिमा पारिक, नर्सरी केजी हेड कविता यादव एवं सतदेव ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसानों की भावांतर व बीमा राशि नहीं आने पर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। डीआरओ को ज्ञापन सौंपते यूनियन के सदस्य।

भारतीय किसान यूनियन चढूनी जिला इकाई की ओर से सोमवार को किसानों व मजदूरों की समस्याओं को लेकर किसान भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चर्चा करने के बाद यूनियन की ओर से डीआरओ राकेश कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर यूनियन के समय सिंह प्रधान ने कहा कि अभी तक किसानों की भावांतर, फसल बीमा और ओलावृष्टि से गेहूं के नुकसान की राशि खातों में नही आई है। डीआरओ ने किसानों की राशि 10 दिन के अंदर उनके खाते में डालने का आश्वासन दिया। प्रधान ने कहा कि अगर इस निर्धारित समय में किसानों का पैसा खाते में नहीं डाला गया तो भारतीय किसान यूनियन चढूनी कृषि अधिकारी कार्यालय पर तालाबंदी करने पर मजबूर होगी। इस मौके पर किसान नेता शीशराम, सुरेंद, वेद फोगाट, ओपी यादव, राज सिंह ढिल्लों, हरफूल, डा. रोहतास, वेद बालावास, रोशनलाल गुलाबपुरा, नील मिस्त्री, काजल कुमारी, मुन्नी व नीलम सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।

# नेकीराम को पुण्यतिथि पर किया याद

- मास्टर नेकीराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। मास्टर नेकीराम को नमन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम की पुण्यतिथि पर सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गांव जैतड़ावास स्थित स्मारक स्थल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता हांस्य कवि हलचल हरियाणवी ने की तथा समाजसेवी रमेश ठेकेदार ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। सांग सम्राट मास्टर नेकीराम साहित्य कला मंच के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हलचल हरियाणवी ने कहा कि मास्टर नेकीराम अपने दौर के सर्वाधिक लोकप्रिय सांग सम्राट व लोक कवि रहे हैं। उनके परिवार ने सौ वर्षों तक लगातार सांग कला को गरिमापूर्ण ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में मंच की ओर से दक्षिणी हरियाणा के उन सभी विधायकों, विभिन्न जिलों के जिला प्रमुखों, नगर परिषद् चेयरपर्सन एवं समस्त नगर पार्षद तथा दो दर्जन सामाजिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक संगठनों का आभार जताया गया, जिन्होंने मास्टर नेकीराम के नाम पर सम्मान शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इस अवसर पर चौधरी भूपेंद्र सिंह, भूप सिंह भारती, सरपंच रोशनलाल अहरोदिया, एडवोकेट साधुराम, मनोज बुलाण, रामसिंह सांभरिया, सरपंच प्रतिनिधि रामफल, शिवलाल, रामचंद्र, फूल सिंह, जलसिंह, सुरेंद्र कुमार, रामनिवास, नरेंद्र कुमार, सतबीर, रुड़मल, श्योकरण, माडूराम, जगबीर सिंह, डा. मनु कुमार, महिपाल, सुरेश, आलोक भांडोरिया, राजेंद्र पटेल व राव रणबीर सिंह मौजूद थे।



### बावल बाजार में राहगीरों को पिलाया मीठा पानी

**बावल।** भीषण गर्मी को देखते हुए सोमवार को बावल बाजार में समाजसेवियों व युवाओं की ओर से छबील लगाकर राहगीरों को मीठे पानी पिलाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम में अगर प्यासे को पानी मिल जाए तो वह अमृत के समान है। सभी लोगों को भीषण गर्मी में यह पुण्य का कार्य करते रहना चाहिए। युवाओं ने कहा किए वर्तमान में बढ़ता हुआ तापमान का कारण पेड़-पौधों की कमी है, जिसकी वजह से आज सभी को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा देना चाहिए।

# समर कैंप का किया शुभारंभ

- पहले दिन सौं बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। शिविर में चल रही म्यूजिक की कक्षा। *फोटो : हरिभूमि*

जिला बाल कल्याण परिषद के प्रधान व डीसी राहुल हुड्डा कि मार्गदर्शन में सोमवार से बाल भवन में ग्रीष्म कालीन शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि दो माह तक चलने वाले इस शिविर में बच्चे निःशुल्क डांस, पेंटिंग, म्यूजिक व कम्प्यूटर कक्षाओं में अपनी प्रतिभा को निखार पाएंगे। शिविर का उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालना है। सोमवार को 100 बच्चों ने शिविर में भाग लिया। शिविर का प्रथम बैच शाम 4 बजे से 5 बजे तक, द्वितीय बैच शाम 5 बजे से 6 बजे तक रहेगा। शिविर के प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इस मौके पर श्रीपति शेखावत म्यूजिक अध्यापक, रिशु विश्वकर्मा ड्राइंग अध्यापक, हितू डांस प्रशिक्षक एवं सुशीला कम्प्यूटर अध्यापक सहित बाल भवन के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# पदक विजेता युग को रोहतक सांसद ने किया सम्मानित

- ग्रामीणों ने दीपेन्द्र हुड्डा को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का चित्र भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड



किक बॉक्सिंग में 2 गोल्ड और 1 कांस्य पदक जीतने वाले गांव सीहा के खिलाड़ी युग चौहान को रोहतक के सांसद चौ. दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने अपने दिल्ली आवास पर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि युग चौहान ने उपलब्धि प्राप्त करके अपने माता पिता, परिजन, गांव व कोच का नाम रोशन किया है। पूर्व पंच ईश्वर सिंह चौहान व ग्रामीणों ने दीपेन्द्र हुड्डा को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का चित्र भेंट किया। महाराष्ट्र व फरीदाबाद में हुई राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में युग चौहान ने 2 गोल्ड व एक कांस्य पदक जीता है। इस मौके पर महंत नरोत्तमदास महाराज, भगत महेंद्र सिंह चौहान, अंतपाल सिंह, पंच मामराज सिंह व रवि मोरध्वज मौजूद थे।

**पदोन्नति** एसपी ने दोनों पुलिस अधिकारियों को स्टार लगाकर दी बधाई

# मनोज को निरीक्षक व अजय को उप निरीक्षक पद पर मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। मनोज कुमार व अजय कुमार को स्टार लगाते हुए एसपी। फोटो :हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सोमवार को उप निरीक्षक मनोज कुमार को निरीक्षक पद तथा सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार की उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर कंधों पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी। पुलिस कप्तान ने दोनों को उच्च पद पर कार्यभार संभालकर कड़ी मेहनत और ईमानदारी से अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित किया। एसपी ने कहा कि अपने कर्तव्य के प्रति हर पल सजग रहें और अपने दूसरे साथियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनें, ताकि भविष्य में वह भी आप की तरह पुलिस विभाग के लिए अपनी उच्च दर्जे की सेवाएं दे सकें। मनोज कुमार वर्ष 1992 में पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती हुए थे और साल 2010 में एएसआई बने तथा साल 2018 में उप-निरीक्षक बने। उप निरीक्षक मनोज कुमार आर्थिक अपराध शाखा में तैनात थे। अजय कुमार वर्ष 2000 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ थे और साल 2016 में एएसआई बने थे। सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार सेक्टर-3 चौकी में इंचार्ज तैनात थे। अब दोनों को पुलिस विभाग ने प्रमोशन देकर निरीक्षक व उप निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया है।

# सुप्रीम कोर्ट में होने वाली लोक अदालत से पहले डालसा कार्यालय में होगी बैठक

- सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा स्पेशल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


अमित वर्मा

सुप्रीम कोर्ट की ओर से आगामी 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वह 28 जुलाई से पहले स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अमित वर्मा ने बताया कि स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्टियों के मध्य सुलह की संभावनाओं को परखते हुए ऐसे मामलों पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिन मामलों में पार्टी सरकार है, ऐसे मामले विशेष लोक अदालत में निपटाए जाने की भी संभावना है। स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चेक बाउंस मामले सेक्शन-138 एनआई एक्ट, दुर्घटना क्लेम मामले, उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं सिविल एवं आपराधिक, धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, भूमि विवाद मामले व अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे।

### खेत में रखा कल्टीवेटर हुआ चोरी

**कोसली।** नाहड़ गांव में अज्ञात चोर एक किसान के खेत में रखा हुआ कल्टीवेटर चुरा कर ले गए। किसान मैनपाल ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह जब शनिवार को अपने ट्यूबवेल पर गया तो वहां रखा ट्रैक्टर का कल्टीवेटर गायब मिला। दो दिन तक अपने स्तर पर कल्टीवेटर की तलाश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

**सूचना**

मैं, सतपाल पुत्र श्री धर्मराज निवासी गांव नठेड़ा तह कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मैं अपना वर्तमान नाम सतपाल से बदलकर सतपाल सिंह करवाना चाहता हूं। मेरे वर्तमान नाम सतपाल को लेकर कोई विवाद कोर्ट में नहीं है और ना कोई बैंक लोन बकाया है। नाम को लेकर किसी भी कानूनी विवाद के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

## खबर संक्षेप

### मकान के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली चोरी

**बावल।** बावल क्षेत्र के गांव से चोर मकान के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर ले गए। गांव नैचाना निवासी भूपेन्द्र ने पुलिस को दी शिकातय में बताया कि उसने 8 जून को अपने मकान के पास ट्रैक्टर ट्राली खड़ी की थी। अगले दिन सुबह जब उसने देखा तो वहां से ट्रैक्टर ट्राली गायब थी। आस-पास पूछताछ करने व तलाश करने पर भी ट्रैक्टर ट्राली का कोई पता नहीं चल पाया। बावल थाना पुलिस से अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### मकान के बाहर खड़े व्यक्ति पर हमला, भागकर बचाई जान

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव में अपने मकान के बाहर साधन का इंतजार कर रहे व्यक्ति पर गांव के ही एक परिवार ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिवार ने घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। धारूहेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जीतपुरा निवासी सोनू ड्राईवरी का काम करता है। सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 8 जून को रात करीब 9:15 बजे अपने घर के बाहर ऑटो वाले का इंतजार कर रहा था तभी अचानक लवकुश, कुसुम, शुभम व वेदप्रकाश ने उस पर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वह अपनी जान बचाकर भागा तो लवकुश उसके पीछे भागा और जान से मारने का प्रयास किया। हमले में सोनू को काफी चोटें आई। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने चारों लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों ने प्रशासन से की बंदरों से निजात दिलाने की मांग

# नाहड़ सहित तीन गांवों में बंदरों से दहशत, उत्पात मचाकर आए दिन लोगों को कर रहे जख्मी

- लोगों को जख्मी करने के साथ गाड़ियों व सामान का भी कर रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़





रेवाड़ी। नाहड़ में मकानों की छत पर बंदरों का जमावड़ा, गली में बैठे हुए बंदर, रास्ते में झुंड में बैठे बंदर व गुजरती महिला। फोटो :हरिभूमि

आदर्श गांव नाहड़ तथा आसपास के गांव कोहारड़ व भड़गी में बंदरों का उत्पात बढ़ता ही जा रहा है। गली में घरों में घूमते बंदर लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। बंदर घरों में नुकसान करने के साथ-साथ बच्चों, बुजुर्गो तथा महिलाओं को भी जख्मी कर चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या का समाधान कर बंदरों के उत्पात से निजता दिलाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर पहले भी कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कारगर समाधान नहीं हुआ है। कुछ माह पूर्व ग्राम पंचायत नाहड़ की ओर से बंदरों को पकड़वाकर गांव से बाहर दूर-दराज क्षेत्रों में छुड़वाया गया था, लेकिन उस समय सभी बंदर नहीं पकड़े गए थे। इसके अलावा नजदीक के बीहड़ में भारी तादाद में रहने वाले बंदर गांव में आ गए है। गांव कोराहड़ व भड़ंगी में भी बंदरों का काफी उत्पात है। स्वास्थ्य केंद नाहड़ में बंदरों तथा कुत्तों के काटने के रोजाना काफी मरीज आ रहे हैं। नाहड़ सीएचसी इंचार्ज डॉ मनीष ने बताया कि बंदर कुत्तों के काटने के महीने में लगभग 150 मरीज आ रहे हैं, फिलहाल सीएचसी में रेबीज के इंजेक्शन मौजूद हैं।

#### बंदरों के कारण लोगों का घर से निकलना दूभर

झुंड के रूप में नाहड़ गांव के गली-मोहल्ले में उत्पात मचाते बंदरों के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। पिछले दिनों बंदरों ने महिला, बुजुर्ग तथा बच्चों पर हमला करके जख्मी कर दिया।

लोगों ने बड़ी मुश्किल से उन्हें बंदरों से बचाया। खासकर महिलाओं को सुबह-शाम कचरा डालने, दूध लेने तथा दूसरे सामान लाने के लिए घर से बाहर जाना होता है। ऐसे में गली में घूम रहे बंदरों के काटने का भय बना रहता है। बंदर महिलाओं तथा बच्चों के हाथ से सामान झपट लेते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय के दौरान गांव में बंदरों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। बंदर घरों के अंदर घुसकर सामान ले जाते हैं तथा काफी सामान को नष्ट भी कर देते हैं। छत पर सूखते कपड़ों को फाड़ने के साथ-साथ बंदर पेयजल की पाइप लाइनों तथा टंकियों को भी तोड़ रहे हैं। इसके साथ ही गली में खड़ी कई गाड़ियों पर कूदकर उनकी छतों को डैमेज कर चुके हैं तथा गाड़ियों के शीशे भी तोड़ रहे हैं। पूर्व सरपंच प्रदीप शेखावत, ब्राह्मण सभा के प्रधान भवानी सहाय, ब्राह्मण वृहत सभा के पूर्व प्रधान डा. नरेश शर्मा, रिटायर्ड डिप्टी सुपरीटेंडेंट श्याम कुमार, नरेंद्र कौशिक, दरोगा सुरेश चंद्र शर्मा, दरोगा बलबीर सिंह, उमेद सैनी, आनंद प्रकाश, पूर्व पंच उमेद,रामपाल यादव, मीर सिंह यादव, मुकेश गर्ग, मोहन गर्ग, संजय शास्त्री, संजय शर्मा, महाबीर सिंह, चंद्रहास ,रिशू, शारदा सुनीता, कुसुम, बबीता, रेखा, रामरती व नारायणी देवी ने प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है।

#### पौधों को कर रहे क्षतिग्रस्त

बंदर लोगों को जख्मी करने के साथ-साथ पेड़-पौधों को तोड़कर हरियाली को नष्ट कर रहे हैं। कई बार बड़ी मशक्कत से फलदार तथा औषधीय पौधे लगाए गए, लेकिन बंदरों ने उन्हें तोड़ डाला।
- सुरेश कुमार, रिटायर्ड दरोगा।

#### गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्त

बंदरों ने कूद-कूदकर गाड़ी की छत को क्षतिग्रस्त कर दिया है। गाड़ी को कई बार पैसे ठीक करा चुके है, लेकिन झुंड के रूप में बंदर बार-बार क्षतिग्रस्त कर देते हैं। भगाने पर काट खाने के लिए दौड़ते हैं।
- संजय शर्मा, दुकानदार।

#### पिछले दिनों पकड़वाए थे बंदर



गांव में आए दिन किसी न किसी को बंदर जख्मी कर रहे हैं। पिछले दिनों गांव की एक बेटी को बंदरों के हमले के कारण जान गंवानी पड़ी थी। ग्राम पंचायत ने करीब 250 बंदर पकड़वाए थे, लेकिन कुछ दिनों बाद यह फिर से गांव में आ गए।
- किरण देवी, सरपंच कोहारड़।

#### बंदरों का नजर नहीं आ रहा समाधान



कुछ समय पूर्व लगभग 400 बंदर पकड़वाए गए थे, लेकिन निकट के बीहड़ में भारी संख्या में बंदर होने के कारण वह गांव में फिर आ गए। इनका कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है क्योंकि बीहड़ में बंदरों की संख्या आए दिन बढ़ रही है। कोई अधिकारी या सामाजिक संगठन इस बारे कारगर सलाह देंगे तो पंचायत उसके लिए तैयार है।
- महेन्द्र सिंह, सरपंच, नाहड़।



रेवाड़ी। बंदर के हमले से घायल 4 वर्षीय जेसिका। फोटो :हरिभूमि

#### बंदरों का पुख्ता समाधान नहीं



*गांव में बंदरों ने काफी उत्पात मचाया हुआ है। बंदरों ने बच्चे, महिलाओं तथा बुजुर्गों को घायल कर दिया है, जिसके कारण उनमें काफी दहशत है। पिछले दिनों गांव के जगमोहन की 4 वर्षीय बेटी जेसिका बंदरों के हमले से भागते हुए उबलते तेल की कढ़ाई में गिर गई, जिससे वह काफी जगह से जल गई।*
*-संयोगिता, सरपंच, भड़ंगी।*

## जेईई एडवांस में होली चाइल्ड स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



रेवाड़ी। तुषार खुराना को बधाई देते हुए अनिरुद्ध सचदेवा। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के छात्र तुषार खुराना ने परीक्षा में ऑल इंडिया में 384वीं रैंक, तनिष्क ने ऑल इंडिया में 2974वीं रैंक एवं हिमांशु सचदेवा ने ऑल इंडिया में 4420 वीं रैंक प्राप्त कर स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तुषार खुराना ने देशभर से चयनित पहले पांच सौ छात्रों में स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन, अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन एवं अपने मातापिता के सहयोग को दिया है। इस उपलब्धि से गौरवान्वित स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नीट व जेईई एडवांस में सफल रहे सभी 13 छात्रों को 11-11 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। स्कूल निदेशक ने कहा कि जो छात्र स्कूल शिक्षा के दौरान अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर और अनुशासित रहते हैं, वह नीट और आईआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अवश्य ही प्राप्त करते है।

## नंदरामपुर बास मार्ग की जर्जर सड़क का निर्माण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा के निकटवर्ती गांव अलावलपुर, ततारपुर, नंदरामपुर बास व भटसाना के ग्रामीणों ने सरकार से नंदरामपुर बांस मार्ग की सड़क का निर्माण कराने का आग्रह किया है ताकि लोगों को आवागमन करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि इन गांवों की सड़क दयनीय हालत में आ चुकी है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सड़क बनवाने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क को उखाड़े हुए एक माह होने को है, लेकिन निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। वाहनों के आवागमन करने से दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे दोपहिया वाहन सवारों व आसपास रहने वाले लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। समाजसेवी रामपाल यादव ततारपुर, पूर्व सरपंच चौधरी रावत सिंह, पूर्व सरपंच अभय सिंह, चंद्रहास , बोदन राम यादव, धर्मवीर यादव, रामकुमार पटवारी, गजराज मैनेजर, रामकिशन व पंचमेर चंद ने सरकार से सड़क निर्माण जल्द से जल्द कराने की मांग की है।



रेवाड़ी। नंदरामपुर बास रोड पर उड़ती धूल। फोटो :हरिभूमि

## हरिनगर फ्लाई ओवर के पास वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-नारनौल रोड स्थित हरिनगर फ्लाई ओवर पर अज्ञात वाहन ने टहलने के लिए गए युवक को टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोटों की वजह से युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई गांव हरिनगर निवासी मनजीत कुमार ने रामपुरा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 जून करीब करीब रात्रि 9 बजे उसका छोटा भाई चेतन कुमार हरिनगर फ्लाईओवर से महेन्द्रगढ रोड़ पर टहलने के लिए गया था। महेन्द्रगढ रोड से वापस आते समय हरिनगर फ्लाईओवर से पहले एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने चेतन को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायत हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंजीत की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



रेवाड़ी। सेक्टर-3 के मकान में खिड़की की हटाई गई ग्रिल।

## खिड़की की ग्रिल हटाकर घुसे चोर, 50 हजार कैश चोरी

**रेवाड़ी।** सेक्टर-3 मकान में खिड़की की ग्रिल हटाकर कमरे में घुसे चोर नकदी चुरा ले गए। सेक्टर-3 निवासी मनोज कुमार ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 जून रात्रि 12 बजे के बाद उनका बेटा कमरे मे सोने चला गया। अगले दिन सुबह जब उठने पर जब फर्स्ट फ्लोर पर गए तो खिड़की की लौहे की ग्रिल हटी हुई व शीशा टूटा हुआ मिला। जब उन्होंने सामान की जांच की तो पता चला कि चोर मकान से करीब 45 से 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए। अपने स्तर पर तलाश करने के बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।



रेवाड़ी। भेंट की गई बैंच के साथ संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### स्थानीय विरासत को सहेजने का काम कर रहे युवा

**रेवाड़ी।** सोमवार को दिल्ली रोड स्थित हैरिटेज प्वाइंट पर लोगों के बैठने के लिए बैंच लगाए गए है। सचिन इंजीनियर ने अपने दादा स्व.बहादुर सिंहकी पुण्यतिथि पर दिल्ली रोड स्थित ऐतिहासिक छतरी स्थल के लिए बैंच भेंट किए है। उनके सामाजिक सहयोग से प्रभावित होकर एक बैंच लक्ष्मी इंटर प्राइजेज ने भी भेंट की है। एक कदम मानवता की ओर संस्था के अध्यक्ष राकेश भार्गव ने कहा कि लगातार एक कदम व आईजीयू एनएसएस द्वारा हैरिटेज प्वाइंट पर सहेजने का कार्य किया जा रहा है। बैंच की सुविधा करना युवा पीढ़ी का एक सराहनीय कदम है। हम सभी को सामाजिक सरोकारों के लिए आगे आना चाहिए। संस्था की संस्थापक प्रियंका यादव ने कहा कि युवा साथी अपने स्थानीय विरासत को सहेजने का कार्य कर रहे है, जिसमें हम सफल भी हुए है। सफाई करके पौधरोपण भी किया गया है। उन्होंने सभी शहरवासियों से ऐतिहासिक स्थल पर गंदगी न फैलाने की अपील की। यह शहर की अनमोल धरोहर है, जिसे हमें सहेजना है। इस अवसर पर कलाकार अमन यादव, अनुज भार्गव, राजपाल यादव, अधिवक्ता सौरभ यादव व सुरेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## मंदोला में 16 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

- योग प्राणायाम से हम अपने आप को पूर्ण रूप से स्वस्थ रख सकते हैं
- योग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को भी बल मिलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना



रेवाड़ी। शिविर में योगाभ्यास करते बच्चे व बुजुर्ग। फोटो :हरिभूमि

गांव मंदोला स्थित समारोह स्थल में पतंजलि परिवार की ओर से सोमवार को 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। गांव के पूर्व सरपंच राम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर से प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में रामनिवास बेनीवाल सह जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट तथा कांता यादव सदस्य पतंजलि परिवार ने संयुक्त रूप से मंत्रोच्चारण के साथ ग्रामीणों को योगिंग जोगिंग, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, विमान आसान, वृक्ष आसान, शीर्षासन व बकासन का अभ्यास कराया तथा उनके महत्व पर प्रकाश डाला। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने लोगों को योग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि योग प्राणायाम से हम अपने आप को पूर्ण रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। योग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को भी बल मिलता है। उन्होंने यज्ञ, योग और आयुर्वेद को अपने जीवन में लागू करने की अपील की। प्राचार्य नरेश कुमार योग शिक्षक ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। योग शिविर में स्पोर्ट्स डिफेंस अकादमी के बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर राजबीर खंड प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, सत्यनारायण, राधेश्याम, सुषमा ,राजेश सरपंच, थानेदार तेजवीर, विनय, सुनीता,केला देवी, सुषमा, रोशनी व तारा देवी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

**मौसम** | दिन भर लू के थपेड़े कर रहे परेशान, शाम को बादल छाने से बढ़ रही उमस

## फिर से बढ़कर 44 पर पहुंचा पारा, उमस भरी गर्मी कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दो दिन से एक बार फिर गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। दिन व रात का तापमान बढ़ने से सोमवार को भीषण गर्मी में लोग परेशान नजर आए। तेज धूप व लू ने लोगों को जमकर परेशान किया। हालांकि दोपहर बाद आसमान में बादलों के छा जाने से धूप से तो राहती मिली, लेकिन उमस बढ़ जाने से लोगों के पसीने छूटते रहे। तीन दिन पहले तापमान में गिरावट से लू का प्रकोप कम हो गया था, लेकिन सोमवार को तापमान बढ़ने के साथ तेज धूप व गर्म हवाओं ने लोगों को काफी परेशान किया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस सप्ताह मौसम इसी तरह का बना रहने का अनुमान है। बीच-बीच में आंशिक बादलों के छाने का अनुमान है तथा तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। सोमवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। दोपहर तक तेज धूप के कारण भारी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही।

लू के थपेड़ों ने लोगों को काफी परेशान किया। अधिकतम तापमान 104 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 44 पर आ गया तथा न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 28.5 पर पहुंच गया। भारी गर्मी का कम हुआ फिर से बढ़ने लगा है। दोपहर बाद आसमान में बरसात के बादल छाने से भारी गर्मी से कुछ राहत मिल रही है, लेकिन उमस लोगों को काफी परेशान कर रही है। सोमवार को फिर से भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान किया। गर्मी के कारण बाजार व शहर की सड़कें सूनीं रही। लोगों अब बेसब्री से बरसात आने का इंतजार कर रहे है। मौसम विभाग के अनुसार अभी बरसात आने की संभावना कम है। बादल छाने से आसपास के क्षेत्रों में बूंदाबांदी की संभावना है।



रेवाड़ी। रविवार को सूना पड़ा शहर का मार्ग। फोटो :हरिभूमि

### तापमान के साथ फिर बढ़ने लगी बिजली खपत

मौसम में बदलाव होने से बिजली की खपत में 10 लाख यूनिट तक कमी आई थी, लेकिन दो दिन से गर्मी बढ़ने से फिर से बिजली की खपत भी बढ़ने लगी है। अभी तक 30 मई को सबसे ज्यादा 161.96 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई है। गत दिवस 84 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई। मौसम बदलने के साथ ही रात में पावर कट भी लग रहे है। किसानों को प्री-मानसून बरसात का इंतजार हैं ताकि बरसात होने पर बाजरे की बिजाई शुरू कर सकें। तापमान बढ़ने के कारण बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए सिस्टम को भारी गर्मी से बचाना मुश्किल बना हुआ है। पावर हाउसों में सीटी व स्टेप डाउन ट्रांसफार्मरों को कूलर लगाकर ठंडा किया जा रहा है, क्योंकि बिजली की खपत बढ़ने से लोड भी बढ रहा है।